**भारत सररकार**

**केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग**

सहा.कार्य.अभि. / सहा. अभि./ सहा. निदे. (उद्यान) के लिए

विभागीय परीक्षा

**फरवरी 2021**

**लेखा पेपर-II ( पुस्तकों सहित)**

**समय: 3 घंटे**

**पूर्णांक: 100**

अनुमत पुस्तकें: के.लो.नि.वि. लेखा कोड, एफ आर, एस आर और फार्मों की पुस्तकें।

दिये जाने वाले फार्म:
1. कैश बुक (केलोनिवि फार्म I)
2. चल लेखा बिल (केलोनिवि 26 एवं 26 ए)
3. वर्क एब्स्ट्रैक्ट (केलोनिवि फार्म 33)

(हल किए गए उदाहरणों की सहायक पुस्तकों की अनुमति नहीं हैं )

**सभी प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के आगे उनके अंक दिए गए हैं।**

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित लेन-देन, कार्यपालक अभियंता 'ई' कैश बुक में मंडल के वर्गीकरण सहित, सितम्बर माह 2020 की प्रविष्टि करें। क्लोजिंग बैलेन्स और कार्यपालक अभियंता के प्रमाणपत्र का ब्यौरा देते हुए कैश बुक को बंद करें ?

**30 अंक**

| 1.9 | अथ शेष (ओपनिंग बैलेन्स) | रूपये |
|---|---|---|
| | (i) कैश और सिक्के | 1503 |
| | (ii) सेल्फ चेक, दिनांक 29.8.2020 | 370 |
| | (iii) रेवेन्यू स्टैम्प | 37 |
| | (iv) कार्यपालक अभियंता का निजी चेक सं. 03 (उनको चेस्ट से राशि दी गई क्योंकि चेक बैंक से केश नहीं किया जा सका ) | 280 |
| | (v) कनिष्ठ अभियंता 'ए' के पास इम्प्रेस्ट | 300 |
| | (vi) सहायक अभियंता 'बी' के पास अस्थायी अग्रिम | 350 |
| 2.9 | हाई कोर्ट की मरम्मत के लिए ठेकेदार 'X' को चेक सं. 32 के माध्यम से किया गया भुगतान (दूसरा चल लेखा बिल) जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है :- | |
| | (क) मापे गए कार्य का कुल मूल्य | 75000 |
| | (ख) कुल अद्यतन अग्रिम भुगतान | 15000 |
| | (ग) पहले आर.ए.बिल में वास्तविक माप का भुगतान | 25000 |
| | (घ) वसूलियां : | |
| | (i) इस कार्य के लिए दिए गए सीमेंट की वसूली | 1000 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) प्रतिभूति जमा<br>(iii) आयकर | 1625<br>1300 |
| 2-9 | भुनाया गया निजी चेक सं. 03 | |
| 5-9 | कनिष्ठ अभियंता 'ए' ने निम्नप्रकार से इम्प्रेस्ट का लेखा दिया है :<br>(i) मजदूरी<br>(ii) कार्यालय में फर्नीचर लाने हेतु वाहन प्रभार<br>(iii) कार्यालय भवन के पार्क की बेची गई घास की 22 रू. मूल्य की प्राप्ति रशीद<br>कनिष्ठ अभियंता का इम्प्रेस्ट कैश से रिकूप कर दिया गया और उसे 300 रू. से बढ़ाकर 350 रू. कर दिया गया। | <br>150<br>80 |
| 10-9 | दौरे पर जाते समय मंडलीय अधिकारी ने कार्यालय भवन के तत्काल मरम्मत हेतु मजदूरों को भुगतान करने के लिए 500 रू. अग्रिम के रूप में लिए। | |
| 16-9 | सेल्फ चेक, दिनांक 29-8-2020 को भुना लिया गया | |
| 17-9 | आकस्मिक जांच में कैश गिना गया और पाया गया कि 10 रू. कम हैं। | |
| 20-9 | कार्यालय भवन की सफेदी के लिए मजदूरी<br>ट्रेजरी में रेमिट की गई राशि | 220<br>180 |
| 22-9 | चेक सं. 33 के माध्यम से ओवरसीयर 'पी' को इम्प्रेस्ट जारी किया गया | 200 |
| 25-9 | मंडलीय अधिकारी 500 रू. के मस्टर रोल सहित वापिस आ गए और 80 रू. अप्रदत्त मजदूरी के रूप में शेष थी। | |
| 28-9 | चेस्ट के लिए चेक ड्रा किया गया | 300 |

**प्रश्न 2.** दिए गए निम्नलिखित ब्यौरे से भवन 'बी' के निर्माण हेतु ठेकेदार 'ए' का दूसरा चल लेखा बिल तैयार करें :-

**25 अंक**

| किया गया और मापित कार्य | अद्यतन मात्रा | पहले आर ए में भुगतान की गई मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| i. मिट्टी कार्य | 1000 घन मी. | 400 घन मी. | 8 प्रति घन मी. |
| ii. ईंट कार्य | 500 घन मी. | 200 घन मी. | 350 प्रति घन मी. |
| iii. सीमेंट कांक्रीट | 20 घन मी. | 5 घन मी. | 200 प्रति घन मी. |
| iv. लकडी का कार्य | 10 घन मी. | 0 घन मी. | 500 प्रति घन मी. |

**अग्रिम भुगतान :**

पहले चल लेखा बिल में लकडी के कार्य के लिए 300 रू. का अग्रिम भुगतान किया गया था जो कि दूसरे चल लेखा बिल में पूरी तरह समयोजित कर दिया गया।

**प्रतिभूति अग्रिम**

निर्माण स्थल पर लाए गए 1,00,000 ईंटों के लिए पहले चल लेखा बिल में अधिकतम प्रतिभूति अग्रिम दिया गया। दूसरे चल लेखा बिल में वास्तव में प्रयोग किए गए और पहले बिल के बाद से मापे गए ईंटों की लागत में इसे पूरी तरह से समायोजित कर दिया गया। दूसरे चल लेखा बिल में निर्माण स्थल पर लाए गए 1,00,000 ईंटों के लिए और प्रतिभूति अग्रिम की अनुमति दी गई। ईंटों का बाजार मूल्य 500 रू. प्रति हजार था। ईंटों की खपत 500 ईंट प्रति घन मीटर थी। प्रतिभूति अग्रिम के लिए निश्चित किया गया दर, बाजार मूल्य का 75 % था।

वसूलिया :

दूसरे चल लेखा बिल से निम्नलिखित वसूलियां की गई :-

(i) इस कार्य के लिए प्रयोग किए गए 25 बैग सीमेंट, 60 रू. प्रति बैग की दर से।

(ii) अन्य कार्य को पूरा करने में हुए विलम्ब के लिए 1400 रू. का जुर्माना।

(iii) 2.5 % की दर से प्रतिभूति जमा और 2% की दर से आयकर प्रत्येक बिल से वसूल की जानी है। कोई जी एस टी वसूल नहीं की जानी है।

**प्रश्न 3.** मंडल 'ए' के मेजर वर्क 'बी' के वर्क एबस्ट्रैक्ट में निम्नलिखित लेन-देन की प्रविष्टि करें । **20 अंक**

(i) ठेकेदार 'सी' को पहले लेखागत बिल का भुगतान।

(क) 400 घन मीटर मिट्टी कार्य @ 10 रू. प्रति घन मीटर।

(ख) सीमेंट के साथ 10 घन मीटर ईंट कार्य @ 250 रू. प्रति घन मीटर।

(ग) अग्रिम भुगतान 800 रू.।

(घ) इस कार्य हेतु ठेकेदार को दिए गए सीमेंट के लिए 3000 रू. की कटौती की जाए।

(ii) स्टाक से 3 टन सीमेंट (2500 रू. प्रति टन की दर से जारी) सीधे ठेकेदार 'डी' को दिया गया (करार दर 2700 रू. प्रति टन, स्टोर से देय)।

(iii) उपरोक्त सीमेंट के लिए स्टोर से निर्माण स्थल का कार्टेज 70 रू. दिया गया।

(iv) मिट्टी कार्य के लिए 7600 रू. के मस्टर रोल में से 6340 रू. का भुगतान किया गया। बकाया 1260 रू. अप्रदत्त (अनपेड) रहा।

(v) सामग्री में लाई गई लकडी को साइट अकांट से 600 रू. में बेच दिया गया।

(vi) मस्टर रोल पर एक दैनिक मजदूर को दिए गए 300 रू. की राशि ठेकेदार 'सी' से वसूल की जानी है।

**प्रश्न 4.** कृपया संक्षेप में उत्तर दें **25 अंक**

(i) ठेकेदार लेजर और वर्क्स रजिस्टर पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

(ii) स्थायी इम्प्रेस्ट और अस्थायी अग्रिम परिभाषित करें।

(iii) पांच महत्वपूर्ण विशेषताएं बताए जिन्हें सीपीडब्ल्यूडी में एक अधिकारी के व्यक्तिगत पी आई एम एस से देखा जा सकता है।

(iv) इ-सेवा पोर्टल के माध्यम से एक उप मंडल के सहायक अभियंता को मानिटर करने के लिए प्राप्त किसी भी पांच विशेषताओं का संक्षिप्त विवरण लिखें।

(v) तकनीकी स्वीकृति परिभाषित करें तथा तकनीकी स्वीकृति और व्यय स्वीकृति के बीच अन्तर स्पष्ट करें।